कोरोनावायरस (COVID -19) स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क अपडेट- जून 2021
(यह जानकारी प्रकाशन पर सही है। आगे की जानकारी निम्नलिखित स्थान पर देखी जा सकती है: Coronavirus in Scotland - gov.scot (www.gov.scot))

क्योंकि पिछला स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क अपडेट फरवरी 2021 में प्रकाशित हुआ था, तब से दो ऐसी महत्वपूर्ण परिस्थितियां विकसित हुई हैं जो COVID-19 महामारी के माध्यम से हमारे भविष्य के मार्ग को प्रभावित कर सकती हैं। एक टीकाकरण से संबंधित है और एक है COVID-19 के एक नये प्रकार का उद्भव यानि - डेल्टा वेरिएंट, जो कि एक चिंता का विषय है। टीकाकरण की ग्रहणमात्रा अभूतपूर्व रही है और टीकाकरण के परिणामस्वरूप बीमारी और COVID-19 से होने वाली मौतों का कम होना और वायरस के संचरण में कमी आना जारी है कम करता है। हालांकि, डेल्टा वेरिएंट संक्रमणों में वृद्धि का कारण बना है, विशेष रूप से उस आबादी के बीच जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। इस तरह से, डेल्टा वेरिएंट वायरस और हमारे टीकों के बीच की दौड़ को तेज़ गति प्रदान कर रहा है।

अगले कदम
डेल्टा वेरिएंट से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद, मामलों की संख्या, गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता और मौतों के बीच की कड़ी कमज़ोर होती दिखाई पड़ रही है और लोगों द्वारा COVID-19 के कारण अस्पताल में बिताए जाने वाले समय में गिरावट आ रही है। इसका अर्थ है कि हम वायरस का संभव न्यूनतम स्तर तक दमन करते हुए उसे वहां बनाए रखने के दृष्टिकोण से दूर हट सकते हैं। इसके बजाय, हम अपने प्रयासों को अपने संशोधित स्ट्रैटेजिक आशय पर केंद्रित कर सकते हैं: जिससे बेहतर भविष्य के लिए पुनर्निर्माण करते हुए वायरस का दमन कर उससे होने वाली हानियों को निम्न स्तर तक घटाया जा सके।

यह मानते हुए कि नए वेरिएंट के खिलाफ टीके की प्रभावकारिता कायम है, अब हम उन निर्देशात्मक नियम और विनियम जो टीकाकरण के दौरान हमारी COVID-19 प्रतिक्रिया का हिस्सा बन चुके हैं उनको हटा कर आगे की योजना बना सकते हैं।

हमें अपने शेष प्रतिबंधों को केवल तभी दूर करने के लिए सावधान रहना चाहिए जब ऐसा करने के लिए परिस्थितियाँ उचित हों। और उस समयबिंदु से आगे भी हमें सावधानी बरतना जारी रखना अनिवार्य है। व्यापक टीकाकरण के साथ भी, COVID-19 के भविष्य में खतरा बने रहने की संभावना है। स्तर 0 से आगे बढ़ने और आंतरिक कानूनी प्रतिबंधों को दूर करने का निर्णय नैदानिक सलाह के आधार पर शर्तों द्वारा सूचित किया जाएगा। ये शर्तें यह सुनिश्चित करेंगी कि स्कॉटलैंड में वायरस पर्याप्त रूप से नियंत्रण में रहे और यह कि टीके की दो खुराक से पर्याप्त लोग सुरक्षित होते हैं ताकि हम अपने संशोधित स्ट्रैटेजिक आशय के साथ अनुरूप बने रह ना सुनिश्चित कर सकें। वर्तमान में, महामारी की स्थिति के विषय में हमारे मौजूदा विश्लेषण संकेत देते हैं कि स्तर 0 प्रतिबंधों को तब तक नहीं हटाया जाना चाहिए जब तक कि 40 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वयस्कों को कम से कम टीके की दो खुराक से सुरक्षित नहीं किया जाता है। 9 अगस्त तक यह हो जाएगा ऐसी आशा हम करते हैं - यह एक ऐसी तारीख है जो टीके की प्रतिरक्षात्मक सुरक्षा को प्रभावी बनाने की अनुमति देती है।

शेष कानूनी प्रतिबंधों को दूर करने के चरण में पहुंचना महामारी के अंत का संकेत नहीं होगा। COVID-19 एक ऐसा रोग है जिसे हमें निकट भविष्य के लिए प्रबंधित करना ही होगा। अधिक सामान्य स्थिति पर लौटने में हमने जो प्रगति की है उसे बनाए रखने के लिए, व्यक्तियों, व्यवसायों और अन्य संगठनों के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि वे वायरस के पुनरुत्थान को रोकने के लिए आधारभूत उपायों के समूह का अनुपालन जारी रखें और उन लोगों की संरक्षित करें जिन्हें टीकाकरण से सुरक्षा प्राप्त नहीं है।

हालांकि कुछ सीमित कानूनी प्रतिबंध अभी भी आवश्यक हो सकते हैं, व्यक्तिगत जिम्मेदारी, उचित व्यवहार और सूचित निर्णय पर अधिक जोर दिया जाएगा। इसका अर्थ यह होगा कि हर कोई इस तरह के उपाय करके अपनी भूमिका निभाएगा, जैसे कि: अच्छा वेंटिलेशन सुनिश्चित करना; हाथ की उपयुक्त स्वच्छता बनाए रखना; श्वसन

स्वच्छता का पालन करना; उपयुक्त होने पर फेस-मास्क पहनना; और हमारी टेस्ट एँड प्रोटेक्ट सिस्टम के साथ जुड़े रहना जारी रखना और उनके लक्षणात्मक होने पर या सकारात्मक परीक्षण आने पर उन्हें सेल्फ-आइसोलेट (स्व-अलग) करना। हम स्तर 0 से आगे कार्यालय में अधिक कार्यचालन की चरणबद्ध वापसी का सपोर्ट करने के लिए व्यवसाय के साथ कार्य करेंगे।

हालांकि, जहां संभव और उपयुक्त हो, हम घर से काम करने के लिए निरंतर सपोर्ट को प्रोत्साहित करने का आशय रखते हैं - न केवल वायरस के निरंतर नियंत्रण में सहायता करने के लिए, बल्कि व्यापक भलाई के हित में भी। हम पूरे स्कॉटलैंड में नए मामलों के पैटर्न की निगरानी करना जारी रखेंगे और प्रकोपों के प्रबंधन के लिए स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों में वृद्धि का समर्थन करेंगे। पहले की तरह, हम और अधिक प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए विशिष्ट प्रतिबंधों या सामान्य सुरक्षात्मक उपायों के अधिक उच्च स्तर को लागू करेंगे।

स्तर 0 से परे विदेशी यात्रा पर लक्षित प्रतिबंधों के होने की संभावना है। हालांकि, हम प्रतिबंधों को केवल तब तक के लिए लागू रखेंगे जब तक कि वायरस को बाहर से लाने के खतरे का जवाब देने के लिए आवश्यक और समानुपातिक हो।

शारीरिक दूरी की समीक्षा

व्यवसाय, परिवहन, शिक्षा और अन्य संगठनों को शारीरिक दूरी के उपायों का पालन करने के लिए महत्वपूर्ण बलिदान देना पड़ा है। ताज़ा समीक्षा के बाद, हम अर्थव्यवस्था और समाज को कम प्रतिबंधित तरीके से संचालित करने में सक्षम बनाने के लिए सावधानीपूर्वक शारीरिक दूरी की आवश्यकताओं को कम करेंगे, जैसा कि नीचे बताया गया है। यह टेबल 0 स्तर पर और उससे आगे जाने के लिए महत्वपूर्ण सूचक तिथियां दर्शाता है। हम इन तिथियों को आगे ला सकते हैं या पीछे कर सकते हैं यदि डेटा इंगित करता है कि हमारे संशोधित स्ट्रैटेजिक आशय के अनुरूप ऐसा करना आवश्यक है।

टेबल: प्रतिबंध में सहजता के लिए सूचक टाइमटेबल

तारीख	प्रतिबंध के स्तर	शारीरिक दूरी
19 जुलाई इस तिथि से पहले महामारी की समीक्षा पर शर्त के साथ	सभी क्षेत्रों को स्तर 0 तक नीचे लाया जाए	आउटडोर को 0 मीटर तक कम करना इनडोर को 1 मीटर तक कम करना[1]
9 अगस्त 40 से अधिक की आयु के सभी लोगों के पूर्ण टीकाकरण की शर्त के साथ और इस तिथि से पहले महामारी की समीक्षा	सभी क्षेत्रों को स्तर 0 के परे लाया जाए (प्रतिबंध के स्तर दूर किए गए)	शारीरिक दूरी के सभी विनियम दूर किए गए

[1] यह सार्वजनिक इनडोर सेटिंग्स के संदर्भ में है। 19 जुलाई से, अगर डेटा इसका सपोर्ट करता है, सभी सार्वजनिक इनडोर सेटिंग्स में, महफ़िलों के भीतर के लोग जो अनुमत संख्या और घरेलू सीमाओं का सम्मान करते हैं, उन्हें अपनी महफ़िल/सभा/समूह के सदस्यों से शारीरिक रूप से दूरी बनाने की अब और आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन उन्हें अन्य सभी से कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाए रखने की आवश्यकता होगी।

वर्तमान मार्गदर्शन (अनुमत सीमा के भीतर) अनुमति देता है कि एक निजी आवास या बगीचे में घर के अंदर सामाजिक मेलजोल के संबंध में, कि शारीरिक दूरी बनाए रखना अब और आवश्यक नहीं है।